सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

ज्येष्ठ 23, मंगलवार, *शाके* 1945-जून 13, 2023

Jyaistha 23, Tuesday , Saka 1945- June 13, 2023

भाग 4 (ग)

उप-खण्ड(II)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं।

वित्त (कर) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जून 07, 2023

एस.ओ.101 :-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना-2021 के तहत पात्र व्यक्तियों के पक्ष में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लघु वित्त बैंक, सहकारी बैंक एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा दिनांक 31.03.2024 तक की अवधि में निष्पादित पचास हजार रूपये तक के ऋण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी का परिहार किया जायेगा।

यह अधिसूचना दिनांक 01.04.2023 से प्रभावी होगी किन्तु पूर्व में प्रदत्त स्टाम्प ड्यूटी का प्रतिदाय नहीं किया जावेगा।

[सं.एफ.2(18)वित्त/कर/2020-52]

राज्यपाल के आदेश से,

नम्रता वृष्णि,

संयुक्त शासन सचिव।

Government Central Press, Jaipur.